सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 287 | इंदौर, सोमवार 04 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बंगाल में BJP कर गई खेला, रुझानों में बहुमत, असम में भी भाजपा को बहुमत



**नई दिल्ली, (एजेंसी) देश के 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों का आज ऐलान हो रहा है। वोटों की गिनती शुरू हो चुकी है और जल्द ही यह साफ हो जाएगा कि जनता ने अगले पांच सालों के लिए किस पार्टी या गठबंधन पर भरोसा जताया है। इन चुनावों में पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी शामिल हैं।**

पश्चिम बंगाल में इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा। कुल 293 सीटों पर दो चरणों में मतदान कराया गया था। राज्य में रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ, जो 92 प्रतिशत से अधिक रहा। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने की कोशिश में हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी भी सत्ता में आने के लिए पूरी ताकत झोंक चुकी है। भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से आगे चल रही हैं।

राजनीतिक रूप से सबसे अहम सीटों में शामिल भवानीपुर पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई हैं। यहां से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस (AITC) के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं शुभेंदु अधिकारी, जो BJP का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस से प्रदीप प्रसाद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (CPM) से श्रीजीव बिस्वास भी इस मुकाबले को और दिलचस्प बना रहे हैं।

असम में कुल 126 सीटों के लिए एक ही चरण में मतदान हुआ था और यहां भी वोटिंग प्रतिशत 85 फीसदी से अधिक रहा। राज्य में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में बीजेपी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की उम्मीद कर रही है। वहीं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी लंबे समय बाद सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही है।

तमिलनाडु में 234 सीटों के लिए मतदान हुआ और यहां रिकॉर्ड 85.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य में फिलहाल द्रविड़ मुनेत्र कषगम की सरकार है, जिसका नेतृत्व एम के स्टालिन कर रहे हैं। वहीं विपक्ष में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम और एनडीए गठबंधन है। इस बार थलापति विजय की पार्टी भी मैदान में उतरकर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रही है।

तमिलनाडु में विजय की अगुवाई वाली टीवीके 102 सीटों पर आगे चल रही है। एआईएडीएमके के उम्मीदवार 73 और डीएमके के उम्मीदवार 48 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। तमिलनाडु के रुझानों के बाद विजय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विजय के घर के बाहर भी सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया है।

केरल में 140 सीटों के लिए एक चरण में मतदान हुआ, जिसमें 78.27 प्रतिशत वोटिंग हुई। यहां पी विजयन के नेतृत्व में एलडीएफ सरकार सत्ता में है और वह फिर से जीत दोहराने की कोशिश में है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2360 करोड़ की लागत के इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण का किया भूमि-पूजन

# नए मध्यप्रदेश का मार्वलस माइलस्टोन साबित होगा इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर

## ● इन्दौर के 17 गांवों के किसानों का बदलेगा जीवन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास एक क्रमिक प्रक्रिया है। प्रदेश में अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के जरिए उत्पादन गतिविधियों का विस्तार और निर्यात वृद्धि हमारा प्रमुख लक्ष्य है। हम उद्योग-धंधों को बढ़ावा देकर प्रदेश के औद्योगिक विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रदेश की प्रगति का नया अध्याय है। यह कॉरिडोर सच्चे अर्थों में नये मध्यप्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवा के किसान हमेशा कमाल करते हैं। प्रदेश के विकास में विशेषकर मालवा क्षेत्र के किसानों का सहयोग और समर्पण अनुकरणीय है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को इंदौर जिले में ग्राम नैनोद में इन्दौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना के तहत 2360 करोड़ की लागत से विकसित होने वाले इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण के कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह इकोनॉमिक कॉरिडोर यहां की नई संभावनाओं, नए सपनों और नए अवसरों का गेट-वे है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कॉरिडोर इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक प्रक्षेत्र सहित पूरे मालवांचल के विकास को नई गति देगा। साथ ही इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन एरिया के समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के निर्माण से उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उत्पादन लागत में कमी आयेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण में सड़क, परिवहन और औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। इस कॉरिडोर से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को लाभ मिलेगा और अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। यह कॉरिडोर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए मध्यप्रदेश को एक आकर्षक गंतव्य बनाएगा तथा बेहतर कनेक्टिविटी के साथ आधुनिक अधोसंरचनाओं से लैस यह क्षेत्र जल्द ही देश के प्रमुख इंडस्ट्रियल हब के रूप में अपनी पहचान बनायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लगभग 2360 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहा यह कॉरिडोर प्रोजेक्ट प्रदेश को निवेश, उद्योग और रोजगार के नए केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। करीब 20 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर इंदौर की व्यावसायिक क्षमता और पीथमपुर के औद्योगिक सामर्थ्य के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी स्थापित करेगा।



## ● उद्योगों के उजालों से रौशन हो रहा हमारा मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज यदि हमारा मध्यप्रदेश उद्योगों के उजालों से रौशन हो रहा है, तो इसमें किसानों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीनें सरकार को दीं। हमने किसानों की बात सुनी। उनका समर्थन पाया और उन्हें इस कॉरिडोर के निर्माण में भागीदार भी बनाया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कॉरिडोर निर्माण में करीब 650 करोड़ रुपये के विकसित प्लॉट किसानों को दिए गए। इससे वे भी विकास के इस महायज्ञ में भागीदार बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह किसानों की सरकार है। किसानों को कोई भी कष्ट नहीं आने देंगे। अब हम किसानों को चार गुना मुआवजा देंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, सुश्री उषा ठाकुर तथा श्रीमती नीना वर्मा, सावन सोनकर, श्रवण चावड़ा तथा संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, वीसीएम ग्रुप के अरूण मेहता, शक्ति पम्पस के सीएमडी दिलीप पाटीदार, क्रेडाई इंदौर के अध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, होटल ऐसोसिएशन म.प्र के अध्यक्ष सुमित सूरी, ल्यूगांग इण्डिया लिमिटेड के प्रबंध संचालक वू सॉन्ग, वक्री ग्रुप के सावन लड्ढा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के उद्योगपति, निवेशक सहित हितधारक और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण के लिए महापौर भार्गव ने चलाई साइकिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए रविवार को नेहरू स्टेडियम से क्लीन इंदौर सेव वाटर साइक्लोथान हुई। महापौर ने साइकिल चलाकर जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया और जल संरक्षण की शपथ दिलाई।**




महापौर ने कहा आने वाले भविष्य में हमारे बच्चे और उनके बच्चों के लिए पानी बचाने के उद्देश्य से हम लगातार काम कर रहे हैं। इंदौर का भूमि का जल स्तर जो की लगातार कम होता जा रहा है, अगर हम लोग जागरुक नही हुए तो हमारे बच्चे और उनके बच्चों के लिए पानी नहीं रहेगा। इंदौर की जनसंख्या बढ़ रही है, जो जनसंख्या इंदौर की 2030 में अनुमानित थी वह जनसंख्या 2023 में ही बढ़ गई। जल संरक्षण के लिए हम सभी वाटर हार्वेस्टिंग के घरों पर छोटे-छोटे संयंत्र लगाए, जिससे भूमिगत जल का स्तर बढ़ाया जा सके। इंदौर देश में दूसरे नंबर का महंगा पानी पाने वाला शहर हैं, पहले स्थान पर शिमला है। महापौर ने कहा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए इंदौर स्वच्छता के फीडबैक में भी नंबर वन बने इस उद्देश्य से लोगों से अपील की है कि स्वच्छता फीडबैक में अपना सहयोग दे। जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने कहा कि इंदौर में पिछले सालों में जल संरक्षण और भूमिगत जल को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं, पिछले तीन सालों के अंदर शहर में रिचार्ज सॉफ्ट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए लगातार काम किया है, जिसके तहत लगभग 500 से ज्यादा रिचार्ज सॉफ्ट बनाए, कुएं-बावड़ी, तालाबों के साथ ही तालाबों की चैनल का संरक्षण, गहरीकरण और सफाई का काम किया है। अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि साइक्लोथान नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर अलग-अलग रास्तों से होते हुए वापस नेहरू स्टेडियम पर समाप्त हुई इसमें शहर के युवाओं के साथ, सामाजिक संगठनों व साइक्लिंग प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महू में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रमाण-पत्र किए वितरित

## स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने राज्य सरकार सदैव तत्पर

● मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से किया संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य शासन स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में 10 हजार स्टार्टअप धारकों ने अपना पंजीयन कराया है। स्टार्टअप शुरू करने वालों को राज्य सरकार प्रतिमाह स्टाइफंड भी दे रही है। प्रदेश में चारों ओर उद्योगों का फैलाव हो, इसके लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। बाहर की कम्पनियों को निवेश के लिए औद्योगिक समिट के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे।**






मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के महू में एक निजी कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट प्रोग्राम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉलेज के उन युवाओं को प्लेसमेंट के प्रमाण-पत्र वितरित किए, जिनका प्लेसमेंट विभिन्न कम्पनियों में हुआ। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, कॉलेज के सेक्रेटरी श्री सुनील बंसल और श्री शरद त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि यदि हम किसी विषय को मन लगाकर गहराई से पढ़ते हैं, तो उसकी याददाश्त लम्बे समय तक बनी रहती है। अतः एकाग्रचित होकर अध्ययन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षक बनकर विद्यार्थियों से प्रश्न किए, तो वहीं विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रश्न किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से विज्ञान और राजनीति से जुड़े प्रश्न किए, तो वहीं विद्यार्थियों ने उद्योग और नवाचार को लेकर प्रश्न किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल पाठ्यक्रम तक ही विद्यार्थी स्वयं को सीमित न रखें, वह आगे भी अपना मनन और चिंतन जारी रखे। नये-नये नवाचार करें और स्वयं को भी परखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप, गुरूत्वाकर्षण, ब्रह्माण्ड, नवाचार, निवेश आदि को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने सुशीला देवी बंसल कॉलेज परिसर में आयोजित विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही सामूहिक चित्र भी खिंचवाये।

कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव श्री सुनील बंसल ने बताया कि संस्था के इंदौर के अलावा भोपाल और मंडीदीप में भी कॉलेज है। अधिकांश विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मध्यप्रदेश की कम्पनियों में ही हुआ है। इसका श्रेय राज्य सरकार को जाता है कि यहाँ लगातार नये उद्योग खुल रहे है और प्रदेश दिनों-दिन विकसित हो रहा है।

# जलसंकट... पानी पर पहरा!

### सुरक्षा के लिए ड्रमों में लगते हैं ताले



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जलसंकट इतना गंभीर हो गया है कि लोग रोज सुबह काम पर जाने से पहले अपनी पानी की कोठियों पर ताला लगाना नहीं भूलते, ताकि शाम को घर लौटने पर उन्हें पानी मिल सके। यह स्थिति इंदौर की अहिरखेड़ी कॉलोनी की है। यहां नगर निगम ने 300 से अधिक गरीब परिवारों को फ्लैट बनाकर दिए हैं। सड़क चौड़ीकरण से विस्थापित हुए ये परिवार यहां रहने आ गए। उन्हें पक्की छत तो मिल गई, लेकिन अन्य सुविधाएं लगभग नहीं हैं। इस कॉलोनी में दो बोरिंग हैं, जिन्होंने पानी देना बंद कर दिया है। इसके अलावा एक कुआं है, जिसमें मोटर लगाकर लोग उपयोग के लिए पानी भरते हैं। अब यहां गंभीर जलसंकट है। नगर निगम के टैंकर पानी बांटने आते हैं। रहवासियों ने पानी संग्रह के लिए कोठियां और ड्रम खरीद लिए हैं। टैंकर इनमें पानी भरते हैं, जिससे लोग तीन-चार दिन तक काम चलाते हैं। लेकिन जिन परिवारों को अधिक पानी की जरूरत होती थी, वे दूसरों के ड्रम से पानी ले लेते थे, जिससे विवाद होने लगे। इसके बाद लोगों ने अपनी कोठियों और ड्रमों में ताले लगाना शुरू कर दिया। कॉलोनी के विशाल सेन बताते हैं कि नगर निगम ने उन्हें यहां बसाया तो, लेकिन नर्मदा लाइन की व्यवस्था नहीं की। बोरिंग इतने परिवारों के लिए पर्याप्त नहीं हैं। सालभर पानी कीी कमी रहती है, लेकिन गर्मियों में समस्या और बढ़ जाती है। टैंकर चार-पांच दिन में आते हैं, जिससे लोगों को पानी के लिए दिनभर भटकना पड़ता है। कॉलोनी की रेखा बाई ।कहती हैं कि वे टैंकर से ड्रम और कोठियां भरकर रखती थीं, लेकिन शाम को मजदूरी से लौटने पर ड्रम खाली मिलते थे। जिनके पास पानी कम होता था, वे दूसरों के ड्रम से पानी ले लेते थे। मजबूरी में अब पानी से भरी कोठियों पर ताले लगाने पड़ते हैं। इससे चोरी तो रुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उनका कहना है कि नगर निगम को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि लोगों को पानी चुराने की जरूरत ही न पड़े।

# संत और सनातन संस्कृति ही समाज को सही दिशा दिखाते हैं : डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में जैन समाज के 'प्रतिष्ठा महोत्सव' एवं 'लाभार्थी बहुमान समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री द्वारा गच्छाधिपति आचार्यदेव श्रीमद्विजय हितेश्चन्द्रसूरीश्वरजी महाराज साहिब का भावपूर्ण पूजन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में संतों के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी देवस्थान की प्राण प्रतिष्ठा और संतों का सान्निध्य कई जन्मों के पुण्य के बाद ही प्राप्त होता है। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति की अमर धरोहर बताते हुए कहा कि ईश्वर संतों के माध्यम से ही समाज को मार्ग भटकने से बचाते हैं। उन्होंने जैन धर्म के 'जियो और जीने दो' के मूल मंत्र और अहिंसा के मार्ग पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमें सिखाती है कि जीवन का प्रत्येक क्षण और व्यवस्था का प्रत्येक कण लोक-कल्याण के लिए सदुपयोग में आना चाहिए। मानवता और जीव मात्र के प्रति करुणा भाव रखना ही हमारी संस्कृति का आधार है। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने मोहनखेड़ा तीर्थ से अपने आत्मीय और गहरे जुड़ाव को भी साझा किया। उन्होंने रोचक ढंग से उल्लेख किया कि आचार्य श्री ने इस पावन तीर्थ का नाम उनके नाम (मोहन) पर ही रखा है, जो उनके लिए व्यक्तिगत रूप से अत्यंत आनंद और गौरव का विषय है।

उन्होंने मोहनखेड़ा तीर्थ को न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए श्रद्धा एवं आस्था का एक प्रमुख केंद्र बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और समरसता का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने सफल आयोजन के लिए समस्त ट्रस्टी परिवार और आयोजन समितियों को बधाई दी और आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी।

आचार्य श्री हितेश्चन्द्रसूरीश्वरजी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में मुख्यमंत्री के सरल स्वभाव और धर्म के प्रति उनकी अटूट निष्ठा की प्रशंसा की। आचार्य श्री ने कहा कि जब शासन और साधना का समन्वय होता है, तभी राष्ट्र उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जिस प्रकार वे जनसेवा के कार्यों में संलग्न हैं, उसी प्रकार धर्म और संस्कृति के संरक्षण में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण है। आचार्य श्री ने प्रतिष्ठा महोत्सव के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे आयोजन आत्मा की शुद्धि और समाज में सद्भावना बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर अडिग रहने और जीव मात्र के प्रति करुणा भाव रखने की प्रेरणा दी।

# चाकू-तलवार से दो जगह खूनी जंग, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में चाकूबाजी और हथियारों से हमले के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कीम नंबर 78 स्थित फेब होटल एवांका के बाहर शनिवार को हुए विवाद में प्रवीण गोपालन की शिकायत पर वंश जाधव, जय सेन और आदित्य वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रवीण के मुताबिक वह अपने दोस्त ऋषिराज के साथ होटल के बाहर मौजूद था। इसी दौरान फोन पर बुलाने के बाद आरोपी वहां पहुंचे और जय सेन ने ऋषिराज से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू निकालकर ऋषिराज पर हमला कर दिया, जिससे उसके कमर और पैर के पीछे चोट आई। घटना के बाद आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# विकास को मिलेगी नई गति, किसान बनेंगे समृद्ध और युवाओं को मिलेगा रोजगार : मंत्री श्री विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को इंदौर जिले में ग्राम नैनोद में इन्दौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना के तहत 2360 करोड़ की लागत से विकसित होने वाले इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण के कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह इकोनॉमिक कॉरिडोर यहां की नई संभावनाओं, नए सपनों और नए अवसरों का गेट-वे है।**




नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना देश की सर्वश्रेष्ठ योजनाओं में शामिल होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से आकार ले रही यह परियोजना प्रदेश के विकास का मजबूत आधार बनेगी। यह कॉरिडोर प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा और औद्योगिक विस्तार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। औद्योगिकीकरण के लिए सरकार ने हमेशा किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है। किसानों को उनकी संतुष्टि के अनुसार उचित मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसकी जमीन के बदले ऐसा मुआवजा मिलना चाहिए कि वह बेहतर विकल्प प्राप्त कर सके। इस योजना के तहत लाभान्वित किसानों को इतना लाभ मिला है कि वे आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि इस कॉरिडोर से न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। आईटी सेक्टर के साथ ग्रीन इंडस्ट्री का भी विस्तार होगा। यह कॉरिडोर पीथमपुर तक विकसित होगा और एक नया विकसित इंदौर आकार लेगा। यह कॉरिडोर गुजरात और मुंबई से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे व्यापार और परिवहन को नई गति मिलेगी। उन्होंने परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि यह परियोजना इंदौर और मध्यप्रदेश की जीडीपी को बढ़ाने वाला एक प्रमुख ग्रोथ सेंटर साबित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रबंधन और दूरदृष्टि का बेहतर उदाहरण है। विधायक मधु वर्मा ने कहा कि यह परियोजना जन सहभागिता का बेहतर उदाहरण है। यह अद्भुत और अनूठी परियोजना है, जिसमें किसानों ने आगे आकर स्वयं सहमति से स्वयं अपनी भूमि दी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में किसानों को 60 प्रतिशत भूमि प्रतिफल का लाभ मिला है। ऐसा उदाहरण संभवतः देश में कहीं भी नहीं है। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में विकसित उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन प्रदेश के औद्योगिक विकास का एक दूरदर्शी मॉडल है, जिसके अंतर्गत इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रथम चरण प्रारंभ किया जा रहा है।

## कॉरिडोर बनेगा प्रगति और रोजगार का नया आधार : मंत्री श्री सिलावट




जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि यह परियोजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। इंदौर और पीथमपुर को जोड़ने वाला यह इकोनॉमिक कॉरिडोर केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि विकास, प्रगति और उन्नति का मजबूत संकल्प है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर गत वर्ष को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया गया। यह वर्ष मनाने का मुख्य उद्देश्य रोजगार के नए अवसर सृजित करना था। उद्योगों की प्रगति से ही व्यापक स्तर पर रोजगार का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की विकास यात्रा कृषि आधारित रही है और सरकार किसानों, युवाओं तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह प्रयास देश के समग्र विकास के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम है। मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा मुआवजे की राशि 2 से बढ़ाकर 4 गुना करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव हमेशा किसानों और अन्नदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित रहते हैं।

# एसपी सुनील मेहता को इंदौर में डीसीपी की जिम्मेदारी मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 2 मई की देर रात 62 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर ने प्रशासनिक स्तर पर अलग-अलग संदेश दिए हैं। सिंगरौली में बैंक डकैती के बाद एसपी मनीष खत्री को हटाकर पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) भेजा गया है।**



इसके उलट सिवनी हवाला कांड के बाद हटाए गए एसपी सुनील मेहता को इंदौर जैसे बड़े शहर में डीसीपी की जिम्मेदारी मिलना 'इनाम' के तौर पर चर्चा में है। लंबी तबादला सूची के बावजूद दो महत्वपूर्ण पद राज्य शासन ने खाली छोड़ दिए हैं। सागर आईजी का पद खाली हुए एक महीने से ज्यादा समय हो गया है। जिले के लिए सरकार को कोई 'सूटेबल' अधिकारी नहीं मिल पाया है। फिलहाल, नर्मदापुरम आईजी मिथलेश शुक्ला के पास ही सागर का अतिरिक्त प्रभार है। वहीं, बुरहानपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार को झाबुआ भेजा गया है, लेकिन उनकी जगह पर किसी की पोस्टिंग नहीं की गई है। इसके चलते माना जा रहा है कि जल्दी ही आईपीएस अफसरों के तबादले की एक और सूची जारी हो सकती है।

सिवनी में हवाला कांड सामने आने के बाद से ही एसपी सुनील मेहता को हटाए जाने की चर्चाएं चल रही थीं। जिन पर लंबे अरसे के बाद मुहर लग पाई। इसी तरह सिंगरौली में हाल ही में हुई बैंक डकैती को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डीजीपी कैलाश मकवाना दोनों ही मनीष खत्री से नाराज बताए जा रहे थे। जिले के मोरबा थाने में लगातार हो रही प्रभारियों की विवादास्पद नियुक्तियों को लेकर भी पुलिस मुख्यालय के अफसर नाराज थे। अब इन्हीं वजहों को खत्री के तबादले की वजह बताया जा रहा है।

# नीट परीक्षा : आंखों की पुतलियों की स्कैनिंग कर छात्रों की पहचान

**इंदौर। पिछले साल की अव्यवस्थाओं से सबक लेते हुए इस बार प्रशासन ने बिजली से लेकर यातायात तक के पुख्ता इंतजाम किए थे। सख्त ड्रेस कोड और सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का त्रि-स्तरीय घेरा रहा और नकल रोकने के लिए सख्त नियमों का पूरी तरह पालन कराया गया।**

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के लिए बेहद सख्त प्रक्रिया अपनाई गई। ड्रेस कोड के नियमों के तहत विद्यार्थियों को केवल हाफ स्लीव



टी-शर्ट और चप्पल पहनकर ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। जूतों और पूरी बाजू के कपड़ों पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू रहा। पहचान सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक तकनीक के माध्यम से आंखों की पुतलियों की स्कैनिंग की गई और आधार कार्ड की गहन जांच के बाद ही विद्यार्थियों को उनकी निर्धारित सीट तक जाने दिया गया। केंद्रों पर छात्राओं की ज्वेलरी भी बाहर निकलवाकर रखवाई गई। इसके साथ केंद्रों पर छात्रों को बैठने के लिए शेड भी तैयार किए गए थे। पिछले वर्ष परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर बिजली गुल होने से परीक्षार्थियों की एकाग्रता भंग होने की शिकायतें आई थीं। इस बार एनटीए और जिला प्रशासन ने किसी भी प्रकार का जोखिम न लेते हुए हर केंद्र पर जनरेटर की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की। इसके साथ ही बिजली विभाग को भी परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए गए थे।

# प्रेम संबंध टूटने के बाद युवक ने युवती पर किया हमला

**इंदौर। प्रेम संबंध टूटने के बाद युवक ने युवती पर जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।**

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में शनिवार को 20 वर्षीय युवती की शिकायत पर उसके पूर्व प्रेमी विक्रम तंवर निवासी दांगीपुरा, मनोहर (झालावाड़, राजस्थान) के खिलाफ चाकूबाजी और अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया गया है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में काम करती है। विक्रम पहले उसके पिता के रेस्टोरेंट पर काम करता था। करीब दो साल पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में विक्रम उसे कोटा ले जाकर शादी कर ली। युवती के अनुसार, विक्रम नशे का आदी था, जिससे परेशान होकर उसने एक साल पहले उससे दूरी बना ली और अपने माता-पिता के साथ रहने लगी। शनिवार को आरोपी विक्रम युवती के घर पहुंचा और धमकाते हुए कहा कि वह उसे किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगा। इसके बाद उसने चाकू निकालकर युवती के गाल, पीठ और हाथ पर वार कर दिए। युवती किसी तरह जान बचाकर घर के अंदर भागी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस को बुलाकर उसे उनके हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# इंदौर में होगी 18वें ब्रिक्स सम्मेलन की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में 9 जून से होने वाले ब्रिक्स कृषि मंत्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा। रविवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की और इसे ऐतिहासिक अवसर बताया।**

मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह सम्मेलन भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित यह सम्मेलन खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, कृषि व्यापार और किसान कल्याण जैसे विषयों पर नई दिशा तय करेगा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, समयबद्ध और सुव्यवस्थित हों। सरकार का लक्ष्य केवल आयोजन नहीं, बल्कि भारत की कृषि क्षमता, नवाचार और परंपरा का प्रभावी प्रदर्शन करना है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ब्रिक्स देशों का वैश्विक कृषि में बड़ा योगदान है जिसमें लगभग 42% कृषि भूमि, 68% छोटे किसान, करीब 45% अनाज उत्पादन इन देशों से जुड़ा है। वर्तमान में ब्रिक्स के 11 सदस्य देश हैं, जिनमें भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देश शामिल हैं। सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण, जलवायु, स्मार्ट कृषि, कृषि व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल कृषि और प्रिसिजन फार्मिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स, किसान कल्याण और अनुसंधान सहयोग शामिल हैं।



### इंदौर की संस्कृति और आतिथ्य का भी मिलेगा अनुभव

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह सम्मेलन केवल औपचारिक बैठक नहीं होगा, बल्कि अतिथियों को इंदौर की स्वच्छता, संस्कृति, मालवा की मेहमाननवाजी और कृषि विविधता से भी परिचित कराया जाएगा। इंदौर के 56 दुकान के सुस्वाद कराएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह आयोजन मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इससे किसानों, कृषि नवाचारों और नई तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा। यह सम्मेलन वैश्विक कृषि सहयोग, खाद्य सुरक्षा और नवाचार के नए अध्याय की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जो भारत और मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाएगा।

## हज की व्यवस्थाओं पर भारतीयों ने जताई नाराजगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** हज यात्रा से पहले ही मक्का में भारतीय हाजियों की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल एक वीडियो में हाजियों ने ठहरने, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर नाराजगी जताई है। इसे लेकर मध्य प्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान हारून ने केंद्रीय हज कमेटी से तत्काल संज्ञान लेकर वीडियो की सत्यता की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक हज के लिए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों से व्यवस्थाओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इस बार भी मक्का के अजीजिया क्षेत्र से जो वीडियो सामने आया है, उसमें हालात चिंताजनक नजर आ रहे हैं।

## शिकंजी पी रहे युवकों को कार ने रौंदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच , एजेंसी।** खंडवा शहर से सटे ग्राम जसवाड़ी में रविवार शाम तेज रफ्तार कार ने हाईवे किनारे शिकंजी पी रहे चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शाम करीब 6 बजे खंडवा-अमरावती स्टेट हाईवे पर हुआ। जानकारी के अनुसार, कार सवार खंडवा से सिंगोट की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे शिकंजी के ठेले के पास खड़े चार लोगों को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि सभी युवक पास के गांवों के रहने वाले थे और अपनी बाइक खड़ी कर ठेले पर शिकंजी पी रहे थे। इसी दौरान कार ने उन्हें चपेट में ले लिया।

## 62 आईपीएस अफसरों के तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।**मध्यप्रदेश में शनिवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए राज्य सरकार ने 62 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। गृह विभाग द्वारा जारी इस सूची में एडीजी, डीआईजी, एसपी और डीसीपी स्तर तक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। लंबे समय से लंबित यह सूची मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डीजीपी कैलाश मकवाणा के बीच हुई चर्चा के बाद जारी की गई। इस व्यापक बदलाव में कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी गई है। खास तौर पर विवादों में रहे जिलों के पुलिस अधीक्षकों को हटाते हुए नई पोस्टिंग दी गई है। प्रदेश के 19 जिलों में एसपी बदले गए हैं।

## पीतांबरा पीठ की ऑनलाइन पूजा और मिर्ची अनुष्ठान पर आपत्ति




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी। स्थित श्री पीतांबरा पीठ में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पीठ के आचार्य विष्णुकांत मुड़िया और प्रबंधक महेश दुबे ने ऑनलाइन पूजा-पाठ और तथाकथित 'मिर्ची अनुष्ठान' को लेकर गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शास्त्रों में ऑनलाइन पूजा या लाल मिर्च से जुड़े किसी भी अनुष्ठान का कोई उल्लेख नहीं है और इस तरह की गतिविधियां पीठ की परंपराओं व मर्यादाओं के विरुद्ध हैं।**

आचार्य मुड़िया ने बताया कि पीठ की स्थापना तप, साधना और जनकल्याण के उद्देश्य से हुई है, जहां विधिवत दीक्षा और शास्त्रसम्मत अनुष्ठानों की परंपरा रही है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कुछ दीक्षित व्यक्ति ही निजी स्वार्थ के चलते इस परंपरा को तोड़ रहे हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसे लोग पीठ के नाम का दुरुपयोग कर अंधविश्वास फैलाते हुए अनर्गल प्रचार कर रहे हैं और श्रद्धालुओं से धन वसूल रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से 'लाल मिर्ची अनुष्ठान' का जिक्र करते हुए कहा कि शास्त्रों में हवन सामग्री में लाल मिर्च का कोई स्थान नहीं है। दुर्गा सप्तशती सहित अन्य ग्रंथों में हवन की विधि स्पष्ट रूप से वर्णित है, लेकिन कुछ लोग मनमाने प्रयोग कर श्रद्धालुओं को गुमराह कर रहे हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बन रही है।

## सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता को पाकिस्तान से धमकी मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी।** विवेकानंद स्कूल में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता और कवयित्री नाजिया इलाही ने पाकिस्तान से 'मौत का कॉल' आने का खुलासा किया। उन्होंने मंच से कहा कि खरगोन में सिमी की कोशिशें नाकाम रहीं और यह स्थान अब राम राज्य में बदल गया है। नाजिया इलाही ने अपने काव्यपाठ के दौरान बताया, 'जब मेरा कारवां खरगोन तक बढ़ा, तब दूर से आवाज आई डरने वाली।



नंबर पाकिस्तान का था और कहा जा रहा था कि खरगोन पहुंचो, मृत्यु हो जाएगी।' उन्होंने इस धमकी का जवाब देते हुए कहा कि एक समय था जब सिमी और पाकिस्तान के लोगों ने खरगोन को अपवित्र करने की कोशिश की थी, लेकिन अब जिसने मंच सजाया है और सत्ता बनाई है, उसने इसे राम राज्य में बदल दिया है। इस आयोजन में नाजिया इलाही के अलावा कई अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ किया। इनमें मुंबई से बाबा सत्यनारायण मौर्य और डॉ. अनीता आनंद, डॉ. शंभूसिंह मनहर, गीतकार मुकेश शांडिल्य, बालाघाट से अंतू झकास और नागपुर से सरिता सरोज शामिल थीं।

## उज्जैन एवं इंदौर में 1 करोड़ 5 लाख रुपए से अधिक की शराब-बियर व वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाई की जा रही है। इसी क्रम में उज्जैन एवं इंदौर में दो अलग-अलग कार्यवाईयों में लगभग 1 करोड़ 5 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब, बीयर एवं वाहन जप्त किए हैं।

जिले के नानाखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत निनोरा टोल प्लाजा के



पास पुलिस ने घेराबंदी कर एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें 900 पेटी (21,600 केन) कुल 10,800 बल्क लीटर अवैध बीयर परिवहन की जा रही थी। जिसकी अनुमानित कीमत 45 लाख रुपये है, तथा परिवहन में प्रयुक्त ट्रक (कीमत लगभग 55 लाख रूपये ) को जप्त किया । इस प्रकार लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

इंदौर जिले में वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 43 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रूपये है। मध्यप्रदेश पुलिस आमजन से अपील करती है कि अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## संपादकीय

### भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन: वैश्विक दक्षिण की नई रणनीतिक साझेदारी

इस महीने चौथा भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन होने वाला है। यह बैठक करीब एक दशक बाद आयोजित की जा रही है। अफसरों ने बताया कि इस दौरान आधिकारिक चर्चाएं, मंत्री-स्तरीय बैठकें और व्यापारिक वार्ताएं निर्धारित हैं, साथ ही भारत-अफ्रीका थिंक टैंक का एक जमावड़ा भी होगा। ये बैठकें 31 मई को मुख्य शिखर सम्मेलन के साथ समाप्त होंगी, जिसमें कई अफ्रीकी नेता हिस्सा ले सकते हैं। इसके बाद 'बिग कैट अलायंस' शिखर सम्मेलन होगा, जिसमें इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, लगभग 10 अफ्रीकी देशों के भाग लेने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह शिखर सम्मेलन और इससे जुड़े कार्यक्रम अफ्रीका के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करेंगे, जिसमें सिद्धांतों पर जोर दिया जाएगा। नवाचार, सुदृढ़ता और समावेशी परिवर्तन के लिए भारत-अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी'' रखी गई है, जो भारत-अफ्रीका संबंधों की व्यापकता को दर्शाती है। अफ्रीकी महाद्वीप के साथ सहयोग लगातार बढ़ रहा है। अफ्रीका अब भारत के विदेशी विकास साझेदारी सहयोग का दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। नई दिल्ली ने 41 अफ्रीकी देशों को 190 से ज्यादा 'लाइन ऑफ क्रेडिट' (LoCs) दी हैं, जिनकी कुल कीमत 10 अरब डॉलर से ज्यादा है; वहीं 4.5 अरब डॉलर के 20 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं। ये प्रोजेक्ट बिजली, पानी की सप्लाई, खेती-बाड़ी, ट्रांसपोर्ट, गांवों में बिजली पहुंचाने और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे अहम सेक्टर में हैं। भारतीय कंपनियों ने अफ्रीकी खेती-बाड़ी के सेक्टर में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाई है, जिससे मशीनों के इस्तेमाल, वैल्यू-एडिशन और खेती से जुड़े सामान की प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिला है। बता दें कि भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने शुक्रवार को अफ्रीकी संघ (एयू) आयोग के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। यह प्रतिनिधिमंडल एयू स्थायी प्रतिनिधि समिति के अध्यक्ष और भारत में बुरुंडी के राजदूत विली न्यामिटवे के नेतृत्व में भारत पहुंचा था।

## सैर सपाटा

# कश्मीर ट्रिप का प्लान कर रहे तो स्मार्ट ट्रैवल हैक जान लें, नहीं तो 2 दिन केवल सड़कों पर बीत जाएगा



कश्मीर की खूबसूरत वादियों को देखने का प्लान बना रखा है। लेकिन अगर ये प्लानिंग सही तरीके से नहीं की गई तो आपके 5-6 दिनों की ट्रिप में 2 दिन तो केवल रोड नापने में ही बीत जाएगी। काफी सारे टूरिस्ट कश्मीर घूमने के नाम पर डायरेक्ट श्रीनगर का रास्ता पकड़ लेते हैं और फिर वहां स्टे के बाद घूमना स्टार्ट करते हैं। जबकि स्मार्ट तरीके से ट्रिप प्लान की जाए तो आप कश्मीर की और भी खूबसूरत वादियों को देख पाएंगे और ट्रिप का ज्यादा से ज्यादा टाइम यूटिलाइज कर पाएंगे। तो कश्मीर ट्रिप के लिए बाई रोड ट्रैवल करना ज्यादा अच्छा ऑप्शन हो सकता है। क्योंकि इसमे आपको बार-बार एक ही रास्तों से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा और हर दिन नई जगह एक्सप्लोर कर पाएंगे।

### कश्मीर ट्रिप की गलती

काफी सारे टूरिस्ट सीधे श्रीनगर पहुंचते हैं। फ्लाइट या बाई रोड उनका स्टे श्री नगर होता है और वहां से फिर दूसरी जगहों पर जाने की वजह से एक ही रास्ते से बार-बार गुजरना होता है। ट्रैवल इंफ्लूएंसर ने कश्मीर ट्रिप का प्लान शेयर किया है जो आपके काम आ सकता है।

कैसे कम दिनों में आप कश्मीर के ज्यादा पार्ट को कवर कर सकते हैं। अगर आपके दिमाग में ये सवाल है तो जवाब मिलेगा एक्सप्लोरमोड डॉट को पर। इंस्टाग्राम के इस पेज पर कश्मीर जाने का रूट शेयर किया गया है।

### जम्मू से सीधे पहलगाम

पहलगाम से गुलमर्ग और फिर दूध पथरी

दूधपथरी से सोनमर्ग और फिर सबसे आखिर में श्री नगर। इससे आपकी पूरी ट्रिप प्लान होगी और आपको बार-बार एक ही रास्तों पर जाना नहीं पड़ेगा। ये रोड ट्रिप प्लान करके घर से निकलेंगे तो कश्मीर की ज्यादा से ज्यादा जगहों को कवर कर पाएंगे और अपने पूरे ट्रिप पर कश्मीर की खूबसूरत वादियों का लुत्फ उठा पाएंगे।

### सही स्टे से ट्रिप होगी यादगार

जब आप कश्मीर ट्रिप के लिए निकलें तो जम्मू से पहलगाम जाते हुए वहां पर होटल में रुक सकते हैं। पहलगाम में कई होटल, रिजॉर्ट आसानी से मिल जाएंगे। पहलगाम में घूमने के साथ अगले दिन आप गुलमर्ग में स्टे करें। यहां से दूधपथरी 2 घंटे में पहुंच जाएंगे और फिर वहां की दूध जैसी सुंदर घाटियों को देखने के बाद आप मात्र 3 घंटे में सोनमर्ग पहुंच जाएंगे। सोनमर्ग में घूमने-फिरने के बाद अगले दिन श्रीनगर जाएं। वहां पर स्टे करें और एक रात डल झील के शिकारे पर जरूर बिताएं। तभी आपकी कश्मीर ट्रिप यादगार बनेगी।

New Delhi

● भारत की बड़ी कामयाबी

# अमेरिकी 'चक्रव्यूह' तोड़ निकला 'सर्व शक्ति' टैंकर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और समुद्री नाकेबंदी के बीच भारत के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। भारत से जुड़ा एलपीजी टैंकर सर्व शक्ति सफलतापूर्वक होर्मुज को पार कर चुका है। यह जहाज करीब 45,000 टन एलपीजी (रसोई गैस) लेकर भारत की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार यह टैंकर ईरान के लारक द्वीप और क़ेश्म द्वीप के पास से गुजरते हुए ओमान की खाड़ी में पहुंचा। इस जहाज पर 18 भारतीय चालक दल के सदस्य मौजूद हैं और यह विशाखापत्तनम के एक बड़े टर्मिनल की ओर जा रहा है।

खास बात यह है कि इसने ईरान द्वारा तय किए गए सुरक्षित मार्ग का पालन करते हुए यह मुश्किल सफर




पूरा किया। यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका की नाकेबंदी के बाद यह भारत से जुड़ा पहला टैंकर है जो इस संवेदनशील जलमार्ग से सफलतापूर्वक गुजर पाया है। इससे पहले यहां जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्गो का खरीदार Indian Oil Corporation है, हालांकि कंपनी ने इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। भारत इस समय ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। मिडिल ईस्ट से सप्लाई बाधित होने के कारण एलपीजी की कमी, लंबी कतारें और सीमित आपूर्ति की समस्या सामने आई है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता है, इसलिए यह पारगमन बेहद अहम माना जा रहा है।

Uttarpradesh

## झपकी बनी काल: जालौन में भीषण सड़क हादसा, छह की मौत; चार गंभीर रूप से घायल



**जालौन, (एजेंसी) जालौन जनपद के कालपी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जोल्हुपुर मोड़ के पास हुआ, जहां अयोध्या से उरई लौट रही एक कार चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहन से जा भिड़ी।**

मिली जानकारी के अनुसार, ललितपुर जनपद के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिजनों के साथ अयोध्या दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जैसे ही उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हुपुर मोड़ के पास पहुंची, चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे वाहन से टकरा गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ घायल करीब एक घंटे तक कार के केबिन में फंसे रहे, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया।

Uttarpradesh

## पत्नी से परेशान जज ने किया सुसाइड

### आईएएस साली पर भी परिजन ने लगाए आरोप

**अलवर, (एजेंसी)** दिल्ली में सुसाइड करने वाले जज अमन कुमार शर्मा (30) पारिवारिक क्लेश से परेशान थे। सुसाइड से एक दिन पहले उन्होंने अलवर में रह रहे पिता को कॉल कर दिल्ली बुलाया था। इस दौरान जज ने पिता से कहा था कि 'जिंदगी से परेशान हो गया हूं।' जब जज अमन कुमार के पिता घर पहुंचे तो जज की पत्नी ने उनका अपमान किया और पुलिस बुलाने की धमकी दी। इससे आहत होकर अमन कुमार ने 2 मई को सुबह बाथरूम में फंदा लगाकर जान दे दी। अलवर शहर के हसन खां मेवात नगर निवासी जज अमन कुमार दिल्ली के कोर्ट में तैनात थे। उनकी पत्नी भी जज हैं। जज अमन कुमार दिल्ली के ग्रीन पार्क इलाके में पत्नी के साथ रहते थे। उनके दो बच्चे हैं। परिजनों ने अमन कुमार की साली पर गृह क्लेश बढ़ाने के आरोप लगाए हैं। जज की साली जम्मू-कश्मीर कैडर में आईएएस अफसर है।

Uttarpradesh

## दो बाइकों की भिड़ंत के बाद मदद करने पहुंचे लोगों को कार ने कुचला, आठ की मौत

**लखनऊ, (एजेंसी) अंबेडकरनगर के जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर मार्ग पर अशरफपुर के पास देर रात करीब 12:00 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार लोग घायल हो गए।**

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग उनकी मदद करने के लिए पहुंचे। जिनमें लालचंद्र पुत्र फेंकू निवासी पट्टी मुइथन जलालपुर, उत्तम पुत्र जगतपाल निवासी सेमरा कटका, कैफी पुत्र हसन मोहसिन निवासी लोरपुर ताजन, राजू पुत्र छेदीलाल निवासी सिकंदरपुर सम्मनपुर सहित सम्मनपुर क्षेत्र के जैनापुर निवासी आदित्य व दिव्यांशु दोनों सगे भाइयों की भी घटना में मौत हो गई। यह दोनों भाई एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जलालपुर गए थे। वापस लौटते समय



हादसा हो गया।

तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर गाड़ी ने वहां मौजूद लोगों को टक्कर मार दी और गड्ढे में जाकर पलट गई थी। पिता मायाराम का हादसे के बाद से बुरा हाल है। वहीं अभी दो अन्य शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी डॉ जयवीर सिंह ने बताया कि सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

खेल

# केकेआर की हैदराबाद के खिलाफ 21वीं जीत, वरुण के बाद रहाणे-रघुवंशी चमके

**हैदराबाद, (एजेंसी)** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2026 के मुकाबले में सात विकेट से हराया। केकेआर ने इस तरह प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखा है। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 165 रन बनाए थे। जवाब में केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने अर्धशतक लगाया और कप्तान रहाणे के साथ मिलकर शानदार साझेदारी की जिससे टीम ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाकर मैच जीता।

केकेआर की यह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 32 मैचों में 21वीं जीत है। यह आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ केकेआर की संयुक्त रूप से दूसरी सबसे ज्यादा जीत है। केकेआर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ भी 21 मैच जीते हैं। वहीं, आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस



के नाम है जिन्होंने केकेआर के खिलाफ 25 मैच जीते हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर के लिए फिन एलेन ने 29 रन बनाए। एलेन इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे, लेकिन बहुत ज्यादा समय क्रीज पर नहीं बिता सके। पहला झटका लगने के बाद रहाणे और रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। रहाणे हालांकि, अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 36 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रघुवंशी भी अपना विकेट गंवा बैठे। रघुवंशी ने 47 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। इसके बाद रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन ने मैच फिनिश किया। रिंकू 11 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 22 रन बनाए, जबकि ग्रीन तीन रन बनाकर नाबाद लौटे। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस, शिवांग कुमार और साकिब हुसैन को एक-एक विकेट मिला।

लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद केकेआर के लिए अंक तालिका में कुछ बदलाव नहीं हुआ है और वह आठवें स्थान पर बनी हुई है। केकेआर के नौ मैचों में तीन जीत, पांच हार और एक बेनतीजा के साथ सात अंक हैं। वहीं, हार के बाद भी हैदराबाद की टीम तीसरे स्थान पर है। हैदराबाद के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक हैं।

इससे पहले, गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। हैदराबाद के लिए हेड और ईशान के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। हैदराबाद की ओर से हेड ने 28 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जबकि ईशान किशन ने 29 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 42 रन की पारी खेली।

सिनेमा

## बर्थडे पर तृषा कृष्णन ने तिरुपति में टेका माथा, थलपति विजय की चुनावी जीत के लिए मांगी दुआ?



साउथ सिनेमा में पिछले कुछ वक्त से थलपति विजय और एक्ट्रेस तृषा कृष्णन को लेकर बातें हो रही हैं. कहा जा रहा है कि दोनों रिश्ते में हैं. रिपोर्ट्स थीं कि विजय की पत्नी संगीता ने एक्टर से तलाक लेने की मांग की है क्योंकि उनका अपनी एक को-स्टार के साथ अफेयर चल रहा है. हालांकि विजय या तृषा में से किसी ने इस बात पर अभी तक कोई कमेंट नहीं किया है. अब दोनों एक्टर्स को लेकर एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हुई है. 4 मई को तृषा कृष्णन अपना 43वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं. ऐसे में अपने जन्मदिन की एक शाम पहले वो तिरुपति पहुंचीं जहां उन्होंने भगवान के दर्शन किए. तिरुपति मंदिर से एक्ट्रेस के कई सारे वीडियोज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हैं. लेकिन यूजर्स ने तृषा के तिरुपति जाने पर अलग-अलग तरह से रिएक्ट किया है. लोगों का मानना है कि तृषा थलपति विजय की जीत के लिए भी तिरुपति पहुंची हैं. थलपति विजय, तमिलनाडु की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके के नेता हैं और चुनावी मैदान में अपना पहला कदम रख रहे हैं. आज चुनाव के नतीजे भी सामने आने हैं. ऐसे में हर कोई तृषा कृष्णन के तिरुपति जाने को थलपति विजय की जीत से जोड़ रहा है.

## Highlights

1. Sensex jumps over 800 points, Nifty up over 1% as vote counting underway in 5 states/UT
2. Some CCTV cameras developed glitch for 5-10 mins: Poll observer after Mamata's allegation
3. BJP ahead in Jhargram, the WB seat where PM Modi ate Jhalmuri, shows trends
4. 25-metre slab of Bihar's Vikramshila Setu collapses into Ganga
5. BJP crosses halfway mark in Assembly elections in Assam, early trends show

# Vodafone Idea needs Rs 50,000 crore to survive: Who will step in to save it?

**NEW DEIHI, (Agency).** Vodafone Idea is standing at a critical point and may need nearly Rs 50,000 crore to survive and stay competitive in India's telecom market. The company is already under heavy financial pressure because of huge debt, AGR dues, and the high cost of expanding its 4G and 5G networks.

A Mountain of Financial Pressure

The struggle isn't just about daily operations; it is a battle against three major financial burdens:

Massive Debt: Years of borrowing have left the company with a heavy repayment schedule.

AGR Dues: Unpaid government fees remain a significant weight on the balance sheet.

The Tech Race: Expanding 4G coverage and rolling out 5G infrastructure requires constant, high-level spending to keep up with rivals.

The Search for a Lifeline

While the government has already stepped in by converting some debt into equity—reducing outstanding dues from Rs 87,695 crore to Rs 64,046 crore—experts suggest this is only a temporary fix. For a true recovery, fresh capital must come from somewhere else.



The potential sources include:

The Promoters: Vodafone Group and Aditya Birla Group have been cautious about increasing their investment given the current financial risks.

Private Investors: Global equity firms or telecom partners might step in, but they will likely demand proof of long-term stability first.

Banking Support: Banks are an option, but only if the company presents a rock-solid plan for a turnaround.

Why It Matters for the Public

The stakes go beyond a single company's profit. If Vodafone Idea cannot secure this funding, India's telecom landscape could essentially turn into a duopoly controlled by Reliance Jio and Bharti Airtel.

For the average consumer, this lack of competition could lead to:

Higher Monthly Bills: Without a third major player, there is less pressure to keep prices low.

Lower Service Quality: Competition drives companies to innovate and fix network issues faster.

In simple terms, Vodafone Idea is fighting to remain a viable choice for millions of Indians. Without a Rs 50,000 crore boost, the path forward for the telecom giant looks increasingly narrow.

Stay informed on all the latest news, real-time Breaking news updates, and follow all the important headlines in India news and World news on Zee News.

# DEA Notifies FDI Easing Under FEMA For Foreign Firms With Up to 10% Chinese

**WASHINGTON, , (Agency).** The Finance Ministry has notified a decision to allow overseas companies with Chinese shareholding of up to 10% to invest in India under the automatic route under FEMA, according to a notification.

In March, the Union Cabinet approved amendments in the press note (PN) 3 of 2020 of the DPIIT.

As per the amendments, foreign companies having a Chinese/Hong Kong shareholding of up to 10% will be eligible to invest in India in sectors where FDI is permitted under the automatic route subject to sectoral conditions. However, these relaxed FDI rules will not apply to entities registered in China or Hong Kong or other countries sharing land borders with India. Earlier, foreign firms with shareholders from these land border nations owning even a single share had to seek mandatory approval to invest in India in any sector. Now, these restrictions will apply only to beneficial owners. After the Cabinet approval, the Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT) notified it in March through a press note 2 (2026 series).



# ब्रांड का उपयोग कर बेच रहे थे नकली कपड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने छावनी क्षेत्र में दबिश देकर नामी कंपनियों के लोगो लगाकर बेचे जा रहे नकली कपड़ों का बड़ा जखीरा पकड़ा है। शुरुआती जांच में बड़े नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है।**

संयोगितागंज पुलिस ने छावनी स्थित ताबा बिल्डिंग में संचालित ह्यूमन इंटरप्राइजेज पर दबिश दी। यहां आरोपी पूमा और अंडर आर्मर के लोगो लगाकर नकली टी-शर्ट, लोअर और जैकेट बेच रहे थे। इन्हें असली बताकर ग्राहकों से ठगी की जा रही थी। कार्रवाई



के दौरान पुलिस ने पूमा लोगो लगे 1025 टी-शर्ट और लोअर, जिनकी कीमत करीब 4.10 लाख रुपए है, जब्त किए। वहीं अंडर आर्मर लोगो लगी 510 जैकेट, जिनकी कीमत लगभग 4.59 लाख रुपए है, भी बरामद की गईं। इस मामले में पुलिस ने देवास के सिविल लाइन निवासी गौरव नामदेव और उज्जैन निवासी उमेश उपाध्याय को आरोपी बनाया है। दोनों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, कंपनी की ओर से लीगल एडवाइजर सुमित शर्मा और मेहुल घोले ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे मुंबई स्थित कंपनी की ओर से अधिकृत हैं। पुलिस को आशंका है कि नकली ब्रांडेड कपड़ों का यह कारोबार बड़े स्तर पर संचालित हो रहा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर सप्लाई चेन और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# बालाजी हाइट्स के छठे फ्लोर पर स्थित फ्लैट में लगी आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया इलाके में रविवार करीब 5 बजे के लगभग महालक्ष्मी नगर इलाके में बालाजी हाइट्स के एक फ्लेट में आगजनी हो गई। सूचना के बाद यहां दमकल की गाड़ी पहुंची। जानकारी के मुताबिक आग पर काबू कर लिया गया। मौके पर दमकल के अधिकारी मौजूद हैं।**

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के मुताबिक लसूड़िया इलाके के बालाजी हाइट्स पर रविवार को छठे फ्लोर पर स्थित एक फ्लेट में आग की सूचना मिली थी। सूचना के बाद दमकल की गाड़ी को रवाना किया गया। यहां एएसआई शोभाराम मालवीय टीम के साथ पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक शॉर्ट शर्किट से आग लगने का कारण सामने आया है। टीआई राजकुमार यादव के मुताबिक सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। फ्लेट पिछले कुछ दिनों से बंद है। यहां रहने वाला परिवार बाहर गया है। आग के चलते फ्लैट के अंदर पूरी गृहस्थी का सामान जल गया। लोग आग लगने के बाद बाहर आ गए थे। आग शार्ट शर्किट के चलते लगी है। फ्लेट कुलदीप डामोर का है जो चारधाम यात्रा पर गए हैं।

## शराबी पति ने पहले पीटा, फिर पत्नी के प्राइवेट पार्ट में डाली मिर्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रिश्तों को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। एक पति ने विवाद के बाद शराब के नशे में पत्नी के प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डाल दिया। उसकी हालत इतनी बिगड़ गई कि दो अस्पतालों में उपचार कराना पड़ा।**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सिलाई का काम करती है। शनिवार रात उसका पति शराब के नशे में घर पहुंचा और शादी से पहले के संबंधों को लेकर उस पर आरोप लगाने लगा।

विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपशब्द कहे और पानी भरने की नली से बेरहमी से मारपीट की, जिससे महिला को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार, जब वह जमीन पर गिर गई तो आरोपी मिर्च पाउडर लाकर उसके प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। दर्द से वह जोर-जोर से चीखने लगी। शोर सुनकर उसका बेटा और ननद मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के बाद महिला के बयान के आधार पर गांधी नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक